

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक138 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 05 फरवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# आज से बोर्ड की परीक्षाएँ, दसवीं का पहला प्रश्न पत्र आज बारहवीं कल से

## परीक्षा के लिये जिले में 84 केन्द्र



सिवनी यशोः- आज 5 फरवरी सोमवार से दसवीं और 06 फरवरी मंगलवार से बारहवीं बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस बार बोर्ड परीक्षाओं को बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए व्यवस्था में बदलाव किया है। यहां तक कि नकल रोकने के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से अलग-अलग उड़नदस्ते होंगे।। परीक्षा के प्रश्न पत्र का वितरण केन्द्रों को सं या के अनुसार वितरित कर दिये गये है । साथ ही शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले के 84 केंद्रों पर दसवीं के 19 हजार 176 और बारहवीं के 13 हजार 845 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। संवेदनशील आठ केंद्रों पर खास नजर रहेगी । परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बडी न हो इसके लिये प्रशासन ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये है तथा नकल रोकने शिक्षा विभाग ने पु ता इंतजाम किए हैं। केंद्राध्यक्ष भी परीक्षा केंद्र पर मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। साथ ही इंटरनेट मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। छात्रों को पूरक उत्तर पुस्तिका नहीं दी जाएगी। प्रश्नपत्रों की जीपीएस से निगरानी हो रही है। सिवनी मु यालय में उत्कृष्ट स्कूल से प्रश्नपत्रों का वितरण किया गया। जहां प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्र के नजदीकी थानों में जमा कराया गया है। परीक्षा के दिन इन प्रश्नपत्रों को निकालकर सुरक्षा के बीच परीक्षा केंद्र ले जाया जाएगा। दसवीं और बारहवीं परीक्षा के प्रश्न पत्रों का वितरण पिछले दिनों कर दिया गया है, जिन्हें नजदीकी थानों में जमा कराया गया था जो प्रश्न पत्रों के आधार पर परीक्षा के दिन ही बंडल केन्द्राध्यक्ष निकालेंगे । जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए 84 केंद्र बनाए गए हैं। केंद्राध्यक्ष संबंधित थाने की पुलिस के साथ परीक्षा सामग्री ले जा चुके है । इस बार कले टर प्रतिनिधि की निगरानी में परीक्षा के पेपर खुलेंगे। परीक्षा संचालन व्यवस्था जिले में 84 परीक्षा केंद्र तय हुए है। परीक्षा का संचालन पूरी तरह से पारदर्शिता से कराने के लिए व्यवस्था को बदला गया है। इसमें थाने में पहले प्रश्न पत्र रखते थे जिन्हें केंद्राध्यक्ष लेकर आते थे और परीक्षा केंद्र के कंट्रोल रूम में खुलवाते थे। अब ऐसा नहीं होगा। इस बार थाने से बो स में पेपर आएंगे। यह पेपर लिफाफे में 10 और 20 की सं या में रहेंगे। पूरा बो स थाने से केंद्र पर लाया जाएगा और उसके बाद केंद्र में खोला जाएगा। इसके बाद पेपर के लिफाफे सीधे परीक्षा कक्ष में खुलेंगे। पहले लिफाफे से पेपर निकालकर सीधे संबंधितों को बांट देते थे। इस बार ऐसा नहीं होगा। कले टर प्रतिनिधि की निगरानी में केंद्राध्यक्ष प्रश्न पत्र थानों से लेकर आएंगे। इस व्यवस्था से पेपर बाहर निकलने की गुंजाइश कम होगी। कले टर प्रतिनिधि को परीक्षा केंद्र में परीक्षा प्रारंभ होने के करीब एक घंटे तक रहना होगा। केंद्राध्यक्ष केंद्र एवं कले टर प्रतिनिधि द्वारा प्रश्न पत्रों के बंडल को थाने से परीक्षा केंद्र तक से जाते समय की निगरानी होगी। यह निगरानी मोबाइल एप के माध्यम से होगी। बोर्ड के निर्देश है कि प्रत्येक थाने में गोपनीय सामग्री निकालने के लिए केंद्राध्यक्ष/सहायक केंद्राध्यक्ष, थाना प्रभारी एवं कले टर के प्रतिनिधि के समक्ष प्रश्न पत्र थाने से निकलने की कार्यवाई की जाए। प्रश्न-पत्र के बो स निकालते समय हर दिन केंद्राध्यक्ष थाना प्रभारी एवं कले टर के प्रतिनिधि का थाने में हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा।

## कले टर प्रतिनिधि की रहेगी उपस्थिती

कले टर प्रतिनिधि को भी प्रत्येक सेंटर पर रखा गया है। उसकी मौजूदगी में प्रश्न पत्र प्राप्त किए जाएंगे। खास बात यह है कि कले टर प्रतिनिधि और केंद्राध्यक्ष सहित अन्य जि मेदार सुबह साढ़े छह बजे केंद्र पर इकट्ठा होंगे। यहां से सभी पहले नजदीकी पुलिस थाने से प्रश्न पत्र प्राप्त करने जाएंगे। मगर उसे पहले कले टर प्रतिनिधि अपनी तरफ से एक सेल्फी निकालकर एप्लीकेशन पर अपलोड करेंगा। फिर थाने से प्रश्न पत्र का बो स हासिल किया जाएगा।

प्रश्न पत्र का बॉ स प्राप्त करने के बाद कले टर प्रतिनिधि के नेतृत्व में सभी लोग सीधे केंद्र पहुंचेंगे। यहां भी सेल्फी खींचकर भेजी जाएगी। उसके बाद ही प्रश्न पत्र को खोला जाएगा।

प्रश्न पत्र के लिफाफे कंट्रोल रूम में न खुलवाते हुए इस बार पर्यवेक्षक को अपनी-अपनी कक्षाओं में खोलना होगा। अधिकारियों के मुताबिक प्रश्न पत्र के बंडल तीन तरह के बनाए है, जो 20, 40 और 60 प्रश्न पत्र होंगे। यह लिफाफे पर्यवेक्षक को कक्षा में मौजूद विद्यार्थियों की सं या के हिसाब से देंगे।

वे बताते है कि यदि किसी लिफाफे की सील खुली पाई जाती है तो तुरंत कले टर प्रतिनिधि को जानकारी दें। साथ ही केंद्राध्यक्ष को भी बताएं।

## प्रदेश क्षत्रिय समाज कार्यकारणी ने केवलारी विधायक का किया स मान



सिवनी यशोः- छपारा 04 फरवरी रविवार को छपारा नगर स्थित राजपूत समाज मंगल भवन में मध्यप्रदेश राजपूत (क्षत्रिय) समाज की कार्यकारिणी बैठक एवं स मान समारोह के आयोजन में केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने उपस्थित होकर अपनी सहभागिता निभाई । बैठक के आयोजन में उपस्थित सभी वरिष्ठ सामाजिक बंधुओं से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही बैठक के आयोजन में विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह का केवलारी विधानसभा क्षेत्र से विजय श्री प्राप्त करने के उपरांत समस्त राजपूत क्षत्रिय समाज महासमिति के सदस्यों एवं माताओं,बहनों,एवं कार्यक्रम में उपस्थित बंधुओं के द्वारा फूलमाला साल श्रीफल से आत्मीय स्वागत कर प्रभु श्री रामचंद्र जी का छायाचित्र भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की ।

इस अवसर पर विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने सभी सामाजिक बंधुओं का अभिवादन किया व विधानसभा चुनाव में विजय दिलवाने में सहयोग करने के लिए सभी को हृदय से धन्यवाद दिया।

## बीजादेवरी में कार्यकर्त्ताओं की कार्यशाला को संबोधित किया सिवनी विधायक ने

सिवनी यशोः-रविवार 4 फरवरी को सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बीजादेवरी मंडल में गाँव चलो अभियान के अंतर्गत आयोजि मंडल स्तरीय कार्यशाला में कार्यकर्त्ताओं को नेतृत्व द्वारा निर्धारित कार्यक्रम संपन्न करने के संबंध में विस्तार जानकारी प्रदान की तथा कहा कि विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को मजबूत करने के लिये यह अभियान बहुत महत्वपूर्ण है पार्टी का इस पर पूरा फोकस है हर कार्य की मानीटरिंग होना है कार्यक्रम में निर्धारित गतिविधियों को पूर्ण कर सरल एप पर डाऊनलोड करें और पार्टी को मजबूत करें ।



## ट्रेन की चपेट में आने से 39 वर्षीय व्यक्ति की मौत

केवलारी यशोः- जिले के केवलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बैनगंगा नदी के समीप पुल के पास लगभग 10 बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने हादसे की जानकारी केवलारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल केवलारी भेजा गया। मृतक का नाम राजकुमार मर्सकोले पिता असाडूलाल मर्सकोले उम्र 29 वर्ष निवासी जमुनापानी है।

# सरस्वती शिशु में द्वादश के भैया बहिनों को दीक्षांत समारोह संपन्न

## आमंत्रित अतिथियों ने दिया शुभाशीष, भैया-बहिनों ने साझा किए अनुभव







सिवनी यशोः- सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में कक्षा द्वादश के भैया-बहिनों का दीक्षांत समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण आयोजित किया गया। आयोजन में अत्यंत भावनाओं से भरे हुए पल भी आये। आयोजन की मु य अतिथि सौ.मीना बिसेन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सिवनी रही। जबकि आयोजन की अध्यक्षता श्री दीपक साहू अध्यक्ष विवेकानंद बाल कल्याण समिति सिवनी ने की। अनिल चंद्रवंशी (सहप्रांत कार्यवाह), सुजीत जैन (पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा), अनुराग मालू (प्रगतिशील उघोगपति समाजसेवी),विनीत अग्रवाल (विद्याभारती जिला सचिव सिवनी) विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। नूपेश ठाकुर( उपाध्यक्ष विवेकानंद बाल कल्याण समिति सिवनी), नितिन चौधरी (व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी), मनोज मर्दन त्रिवेदी (कोषाध्यक्ष), डॉ.शांतनु शर्मा (सहसचिव) की गरिमामयी उपस्थिति रही। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के दीप प्रज्वलन एवं दीप मंत्र से हुआ। तदोपरांत मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं स्वागत महेश चौबे एवं कृष्णमुरारी दुबे द्वारा किया गया। इसके उपरांत कक्षा द्वादश के भैया वेदांश अहिरवार एवं बहिन खुशी पारधी तथा एकादश के भैया सिद्धांत त्रिवेदी व सनीर रजक ने अपने भावनाप्रद अनुभवो से महौल को अश्रुपूरित बना दिया। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर से प्राप्त संस्कारों को आगे के जीवन में उतारने का वचन भी दिया। इसके उपरांत कक्षा द्वादश के कक्षाचार्य श्री कृष्णमुरारी दुबे एवं कक्षा एकादश की कक्षाचार्य सौ. वीणा पाण्डे ने भैया-बहिनों को शुभाशीष प्रदान किया। मु य अतिथि श्रीमती मीना बिसेन ने अपने उद्बोधन में 12वीं की परीक्षा में सहभागी हो रहे भैया-बहिनों को सफलता प्राप्ति के लिए शुभकामनाएॅ दी। श्री अनिल जी चंद्रवंशी(सह प्रांत कार्यवाह), सुजीत जैन, श्री विनीत जी अग्रवाल ने भी भैया-बहिनों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें विद्यालय से प्राप्त संस्कारों को आगे जीवन में अपनाए रहने की प्रेरणा दी। समिति परिवार की ओर भैया-बहिनों का मार्गदर्शन करते हुए व्यवस्थापक श्री नितिन चौधरी ने सफलता प्राप्ति के लिए आवश्यक गुणों को अपनाने की सलाह दी। अंत में प्राचार्य में श्री ओमप्रकाश यादव जी ने भैया-बहिनों को समस्त आचार्य परिवार की ओर से जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए आर्शीवाद देते हुए, सुंदर आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कक्षा एकादश के भैया-बहिनों द्वारा कक्षा द्वादश के भैया-बहिनों का स्वागत करते हुए, उन्हें स्मृति चिंह के रूप में पुस्तको का संच भेंट किया गया। उपरोक्त दीक्षांत समारोह का सफल संचालन कक्षा एकादश की बहिन पूर्णिमा चौरसिया एवं प्रतिष्ठा बघेल ने किया। स्वागत गीत श्रीमती मनीषा तिवारी दीदी एवं प्रेरणा गीत एकादश की बहिन स्वर्णिमा सोनी ने प्रस्तुत किया। संपूर्ण आयोजन में कक्षा एकादश के भैया-बहिनों के साथ-साथ, एकादश एवं द्वादश के कक्षाचार्य एवं विषयाचार्यो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नगर भाजपा दक्षिण मंडल गांव चलो अभियान कार्यशाला संपन्न

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्राण प्रण से जुड़े हुए हैं । इसी के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी ने गांव चलो अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की है इस कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रवासी कार्यकर्ता और संयोजक के रूप में कार्य प्रधान किया गए हैं। प्रवासी कार्यकर्ता अन्य वार्डो में जाकर के पूरे 24 घंटे कार्य करेगा और कार्यक्रम के संपादित कार्यो की सूची दिल्ली कार्यालय को प्रस्तुत करेगा।

गांव चलो अभियानका प्रशिक्षण भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री गजानन पंचेश्वर जी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुदर्शन बादल के द्वारा प्रदान किया गया। जबकी कार्यशाला मे मु य रूप से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उर्मिला उइके, नगर भाजपा अध्यक्ष अभिषेक दुबे , नगर महामंत्री बादल बैन , नगर उपाध्यक्ष राजेश राजू यादव, राज ठाकुर, गोलू पंडित, दिलीप दूदानी, राजा पराते, नगर मंत्री गोलू शर्मा, रागनी विश्वकर्मा, खुशाल माना ठाकुर, चिकित्सा प्रकोष्ठके अध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा, ऋषभ चौरसिया भाजयुमो अध्यक्ष, रमेश मरकाम एस टी मोर्चा अध्यक्ष, सुनील डहेरिया एस सी मोर्चा अध्यक्ष, सरजू सदाफल ओ बी सी मोर्चा अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष दीपक बघेल, गजेंद्र आवले, कैलाश यादव, शैलेंद्र नामदेव, राकेश विश्वकर्मा, अरविंद सेन, अशोक बरमैया, गगन विश्वकर्मा, अंकित चौरसिया, मुकेश यादव, कपिल कोरी, राजकुमार सेन, बबलू विश्वकर्मा, संतोष रजक, राजकुमार फर्वे, रवि सैयाम, अजय गेहलोद, आई टी के प्रमुख निकेश कुल्हाड़े, हितेंद्र साहू उपस्थित रहे।







जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहायें

## जबरन नॉलेज





# सायकल आन रैली में शामिल हुए महाकाल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संयोग कोचर

### मठ मन्दिर में किया भोलेनाथ का पूजन, भाजपा नेताओं से की भेंट



सिवनी यशोः- विगत 9 वर्षो से जिला मु यालय में सिवनी सायकल आन समिति द्वारा आयोजित हो रही सायकल रैली में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 3 फरवरी को भव्य व विशाल आयोजन नगर में हुआ। इस दौरान जिला कले टर, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व हजारों बालक बालिकाओं युवाओ ने सायकल चलकर पर्यवारण सरक्षण व स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिये सन्देश दिया। कार्यक्रम में लकी कूपन के माध्यम से 30 सायकल दी गई। सिवनी में हुए आयोजन के उद्देश्य से आकर्षित होकर बालाघाट निवासी महाकाल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा के युवा नेता सयोंग कोचर ने भी इस सायकल आन कार्यक्रम में शामिल होने का निर्णय लिया, समिति के माध्यम से 30 सायकल लकी कूपन के माध्यम से दी गई थी जिसमे से 2 सायकल सयोग कोचर ने भी प्रदान की है।

विगत 3 फरवरी 2024 को हुए इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र बालाघाट के प्रमुख कोचर अपने सहयोगियों के साथ सुबह 7 बजे उपस्थित रहे, इस दौरान उन्होंने सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, जिला भाजपा के अध्यक्ष आलोक दुबे, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष सन्तोष अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि संजू मिश्रा से सौजन्य भेंट कर सभी को इस आयोजन के लिये बधाई दी, वही सयोग ने मिशन स्कूल मैदान में आई रैली में शामिल प्रतिभागियों का कचहरी चौक में स्वागत किया गया।

इसके बाद कोचर ने नगर में आदि शंकराचार्य जी द्वारा स्थपित वि यात मठ मन्दिर में पूजन कर भारत, मध्यप्रदेश, व सिवनी बालाघाट संसदीय छेत्र में अमन चैन शांति के लिये भगवान भोलेनाथ से कामना की। सायकल रैली के सयोजक कपिल पांडे को विशेष तौर पर बधाई देते हुए सयोग ने बताया कि इस तरह का आयोजन वे बालाघाट में भी जल्द आरभ करेगे ताकि सब नागरिक देश के प्रधानमंत्री जन नायक नरेंद्र मोदी द्वारा आरभ किये स्वछता अभियान में अपना सहयोग कर जिले को साफ स्वच्छ व पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त कर सके।

## मीडिया का शिव सनोडिया ने किया स मान



सिवनी यशोः- विगत 9 वर्षों से जिला मु यालय में सिवनी सायकल आन समिति द्वारा आयोजित हो रही सायकल रैली में हट वर्ष की तरह इस वर्ष भी बीते 3 फरवरी को भव्य व विशाल आयोजन नगर में हुआ। इस दौरान जिला कले टर ,विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व हजारों बालक बालिकाओं युवाओ ने सायकल चलकर पर्यवारण सरक्षण व स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिये सन्देश दिया, कार्यक्रम में लकी कूपन के माध्यम से 30 सायकल दी गई वही जनभागीदारी समिति कन्या महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष शिव सनोडिया द्वारा प्रिंट इले ट्रॉनिक मीडिया सहित इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी सघटनो नागरिकों का मोमनेटम देकर स मान किया गया

# किसान हमारे भगवान हैं, इनकी सेवा करना ईश्वर भक्ति के बराबर है- राजस्व मंत्री वर्मा

भोपाल । किसान हमारे अन्नदाता हैं, भगवान हैं। हमारी किसानों, आमजन के प्रति जबावदेही है। इनकी सेवा करना ईश्वर की भक्ति के बराबर है। इन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना ना पड़े। इसी उद्देश्य से प्रदेश में राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। सभी राजस्व अधिकारी सकारात्मक सोच एवं सेवाभाव के साथ राजस्व संबंधी प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करें, जिससे आमजन की विभाग के प्रति, विश्वास और स मान बढ़े। यह विचार राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने शनिवार को रायसेन में राजस्व महाअभियान की समीक्षा बैठक में व्यक्त किए।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने अविवादित और विवादित नामांतरण, बंटवारा, पारिवारिक बंटवारा, सीमांकन, हकत्याग आदि के लंबित प्रकरणों तथा इनके निराकरण हेतु अपनाई जा रही प्रक्रिया की तहसीलदारों, एसडीएम से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सीमांकन प्रकरणों का निराकरण सभी पक्षों की उपस्थिति में किया जाए, जिससे कि आगे विवाद की स्थिति निर्मित ना हो। बैठक में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों का सतत् भ्रमण करें। जनप्रतिनिधियों के दौरे के समय भी राजस्व अधिकारी मौजूद रहें। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले शासकीय सेवकों का स मान होगा और लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कार्यवाही भी की जाएगी।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने रायसेन कले टर श्री अरविन्द दुबे की सराहना करते हुए कहा कि उनके निर्देशन में राजस्व अमले द्वारा बेहतर काम किया जा रहा है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों तथा मैदानी अमले की भी सराहना करते हुए कहा कि सभी पूरी लगन, निष्ठा के साथ राजस्व विभाग की योजनाओं, सेवाओं को किसानों और आमजन के पास सुगमता से पहुंचाने के लिए कार्य करें। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा श्री राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

# एनसीसी भाग्य को सौभाग्य में बदलने का मार्ग प्रशस्त करती है - मु यमंत्री डॉ. यादव

**मु यमंत्री की पहल पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को दिये गये 6 लाख 25 हजार रूपए के पुरस्कार**

**मु यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली गणतंत्र दिवस समारोह 2024 में शामिल एनसीसी कैडेट्स को किया संबोधित**




भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मानव जीवन भाग्य से मिलता है और भाग्य को सौभाग्य में बदलने का रास्ता एनसीसी से प्राप्त होता है। भारत एक बड़ी आबादी वाला देश है। इसमें जल, वायु, थल सेना की सं या मात्र साढ़े तेरह लाख है और इन साढ़े तेरह लाख जवानों पर पूरा देश अपनी सुरक्षा का विश्वास करता है। हमारी सेना हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। सेना की इस गौरवशाली पर परा से जुड़ने का मार्ग एनसीसी से निकलता है। मु यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2024 के अवसर पर लगे कै प में शामिल हुए राष्ट्रीय कैडेट्स कोर के मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ निदेशालय के प्रतिभागियों को आज मु यमंत्री निवास परिसर में संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि घुड़सवारी में 6 पदक जीतना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कैडेट्स द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियाँ सराहनीय हैं। सभी कैडेट्स बधाई के पात्र हैं। मु यमंत्री डॉ. यादव ने उपलब्धियां प्राप्त करने वाले कैडेट्स को स मानित भी किया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को मु यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 6 लाख 25 हजार रूपए के पुरस्कार के रूप में चैक भी प्रदान किए गए।

**एनसीसी का ध्येय वा य एकता, अनुशासन और संगठन के प्रति समर्पण है**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एनसीसी के कार्यक्रम में भाग लेना अपने परिवार में आने के समान है। मैं स्वयं शाला स्तर पर एनसीसी का सक्रिय कैडेट रहा हूँ। कैडेट्स द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियाँ उनकी प्रतिबद्धता की परिचायक हैं। मुझे विश्वास है कि कैडेट्स अगले वर्ष प्रथम स्थान का लक्ष्य रखकर परिश्रम के साथ निरंतर प्रयास करेंगे। एनसीसी का ध्येय वो य एकता, अनुशासन और संगठन के प्रति समर्पण है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इन उद्देश्यों के साथ कार्य करना हम सबको गौरव और आत्म-स मान प्रदान करता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दीपावली का पर्व सीमा पर खड़े सेना के जवानों के साथ मनाकर अद्भुत आदर्श प्रस्तुत किया है।

**गणतंत्र दिवस का एनसीसी कै प जीवनभर याद रहता है**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है। हमें आगे कई लक्ष्य प्राप्त करने हैं। एनसीसी के माध्यम से देश के सभी युवा प्रेरणा पाएं। गणतंत्र दिवस शिविर के दौरान 28 राज्यों और 8 केन्द्र शासित प्रदेशों के कैडेट्स के साथ बिताया समय जीवनभर की यादों की धरोहर बनता है। अलग भाषा, अलग प्रदेश फिर भी अपना एक देश, इस भिन्नता के बाद भी देश की एकता और आत्मीयता का अनुभव ऐसे शिविरों में ही होता है।

**मानवता मूल्यों की स्थापना में देश की विशिष्ट पहचान है**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व में मानवता के मूल्यों की स्थापना करने में हमारे देश की विशिष्ट पहचान है। हम वसुधैव कुटु बकम के विचार को मानकर पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा था 21वीं शताब्दी भारत की होगी और वर्तमान में भारतीय, विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों से विश्व को हमारे देश की प्रतिभा और सक्षमता का परिचय करा रहे हैं।

**युवा पीढ़ी और एनसीसी जैसे संगठनों के बल पर देश निरंतर प्रगति करेगा**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, इस नाते बहुत सी चुनौतियां भी विद्यमान हैं। युवा पीढ़ी और एनसीसी जैसे संगठनों के बल पर देश निरंतर प्रगति करेगा। एनसीसी में मिलने वाला प्रशिक्षण कैडेट्स की सफलता का आधार होगा।

**मु यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम बैनर 2023-24 के विजेता भोपाल समूह को किया स मानित**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) सीएम बैनर 2023-24 के विजेता %भोपाल समूह% को सीएम बैनर से स मानित किया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ निदेशालय के अंतर्गत 6 ग्रुप भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर और रायपुर शामिल हैं। मु यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाले कैडेट्स को स मानित भी किया। मु यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

**एनसीसी कैडेट्स ने दीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा तथा परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह उपस्थित थे। मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल अजय कुमार महाजन ने मध्य प्रदेश छत्तीसगढ निदेशालय की उपलब्धियों और एनसीसी अंतर ग्रुप सीएम बैनर 2023-24 में भोपाल ग्रुप के प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एनसीसी के कैडेट्स ने गणगौर नृत्य, समूह गीत प्रस्तुत किए तथा अपने अनुभव भी सुनाए।

# मध्यप्रदेश के 40 जाटव परिवारो ने अपनाया बौद्ध धर्म

भोपाल। करैरा के ग्राम बहगवां में 40 जाटव समाज के लोगों ने हिन्दू धर्म का त्याग करते हुए बौद्ध धर्म अपना लिया। बौद्ध धर्म अपनाने वालों ने उनके साथ छुआछूत का आरोप लगाया है। वहीं, गांव के सरपंच का कहना है कि सभी आरोप निराधार हैं। ग्रामीणों को बहलाफुसला कर उनसे बौद्ध धर्म स्वीकार करवाया गया है।



जानकारी के अनुसार ग्राम बहगवां में पूरे गांव के लोगों ने एक साथ मिलकर भागवत कथा का आयोजन करवाया था। गांव में 25 साल बाद स मिलित रूप से हुई भागवत कथा के लिए सभी समाज के लोगों ने चंदा एकत्रित किया। इसी क्रम में एक साथ पूरा आयोजन किया गया। इस दौरान भागवत कथा के भंडारे से एक दिन पहले जाटव समाज के 40 घरों ने अचानक से बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया और हिंदू धर्म का परित्याग करने की शपथ ली। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

**बौद्ध धर्म गुरु ने उनको शपथ दिलाई**

महेंद्र बौद्ध का कहना है कि भंडारे में सभी समाजों को काम बांटे गए थे। इसी क्रम में जाटव समाज को पत्तल परसने और झूठी पत्तल उठाने का काम सौंपा गया, लेकिन बाद में किसी व्यक्ति ने यह कह दिया कि अगर जाटव समाज के लोग पत्तल परसेंगे तो पत्तल तो वैसे ही खराब हो जाएगी। ऐसे में इनसे सिर्फ झूठी पत्तल उठवाने का काम करवाया जाए। अंत में गांव वालों ने कह दिया कि अगर आपको झूठी पत्तल उठाना है तो उठाओ नहीं तो खाना खाकर अपने घर जाओ। बकौल महेंद्र बौद्ध ने बताया है कि इसी छुआछूत के चलते हम लोगों ने समाज को बौद्ध धर्म अपनाने को कहा और सभी लोगों ने बौद्ध धर्म अपना लिया है।

**सरपंच ने आरोपों को बताया निराधार**

इस मामले में गांव के सरपंच गजेंद्र रावत का कहना है कि जाटव समाज के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। उनके अनुसार उक्त समाज के लोगों ने एक दिन पूर्व ही अपने हाथ से केले का प्रसाद बांटा था जो पूरे गांव ने लिया और खाया भी। उनके अनुसार गांव में बौद्ध भिक्षु आए थे, उन्होंने समाज के लोगों को बहलाफुसला कर धर्म परिवर्तन करवाया है। पूरे गांव में किसी भी तरह का काम किसी समाज विशेष को नहीं बांटा गया था। सभी ने मिलजुलकर सारे काम किए हैं। अन्य हरिजन समाज के लोगों ने भी परसाई करवाई, झूठी पत्तल उठाई हैं। उन लोगों के साथ छुआछूत ` यों नहीं की गई। गजेंद्र के अनुसार जाटव समाज ने जो चंदा दिया था उसको वापस ले लिया। गांव वालों ने उसकी पूर्ति के लिए दोबारा से चंदा भी किया है। गांव के सरपंच गजेंद्र रावत का कहना है कि जाटव समाज के आरोप निराधार हैं।

पूरे मामले में शिवपुरी कले टर रविंद्र कुमार चौधरी का कहना है कि यह मामला हमारे संज्ञान में नहीं आया है। मैं पता करवाता हूं कि आखिर इतने परिवारों ने एक साथ धर्म परिवर्तन यों किया। इस मामले की गहराई से पड़ताल करना जरूरी है, ` योंकि कोई भी व्यक्ति सिर्फ एक दिन में धर्म परिवर्तन कर ले, यह संभव नहीं है। जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी।

# जबलपुर की पांच यूनिवर्सिटी डिफाल्टर घोषित, यूजीसी की कार्रवाई

जबलपुर। जिले के पांच विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने डिफाल्टर घोषित किया है। इसका कारण विश्वविद्यालयों द्वारा लोकपाल की नियुक्ति नहीं करना है। यूजीसी ने कुछ समय पहले विश्वविद्यालयों को 31 दिसंबर, 2023 तक लोकपाल की नियुक्ति कर जानकारी आयोग को भेजने के निर्देश दिए थे। लेकिन जिले के पांच विवि समेत प्रदेश के 18 विश्वविद्यालयों ने निर्देश का पालन नहीं किया। इस पर आयोग ने यह कार्रवाई की। यूजीसी ने कहा है कि तीन माह के भीतर लोकपाल की नियुक्ति करने पर उन्हें डिफाल्टर सूची से बाहर कर दिया जाएगा।

**ये थे यूजीसी के निर्देश-** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने देश के सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों की शिकायतों के निराकरण के लिए लोकपाल की नियुक्ति करने के के आदेश दिए थे। छात्रों की शिकायतों के लिए शिकायत निवारण विनियम-2023 को भी अधिसूचित किया था। इसके तहत प्रवेश स बंधी गड़बड़ी, फीस, सर्टिफिकेट वापस नहीं करना, उत्पीडन, परीक्षा संचालन में अनियमितता, छात्रवृति, दाखिले के लिए अलग से रुपयों की मांग, आरक्षण नियमों का पालन नहीं करने समेत अन्य शिकायतें छात्र लोकपाल से सीधे कर सकते थे। 15 कार्य दिवस में शिकायत पर कार्रवाई करने का जि मा लोकपाल को सौंपा गया था।

# 40 दिन बाद भी हुकमचंद मिल मजदूरों के खाते में नहीं पहुंची राशि

इंदार। हाईकोर्ट के आदेश के बाद हाऊसिंग बोर्ड ने 457 करोड़ रुपये हुकमचंद मिल के परिसमापक के खाते में जमा करा दिए। 40 दिन पहले 25 दिसंबर को इंदौर में हुए आयोजन में एक ि लक से राशि मु यमंत्री मोहन यादव ने जमा कराई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों से वर्चुअली बात की, लेकिन एक भी मजदूर के खाते में पैसा नहीं पहुंचा।

40 दिन से श्रमिक अपने हक के पैसे का इंतजार कर चुके है। शपथ पत्र और अन्य दस्तावेज भी जमा कराने वाले श्रमिकों में से तीन श्रमिकों की 40 दिन की अवधि में मौत हो गई। उनके परिजन को कहना है कि उनकी आंखों के सामने पैसा आ जाता तो मौत आने से पहले खुशी होती।

सुभाष नगर में रहने वाले जगदीश सिंह जादौन मिल परिसर में रविवार को होने वाली साप्ताहिक मीटिंग में जाते थे। उन्होंने फार्म भी भर दिया था, लेकिन राशि आती, उससे पहले ही उनकी मौत हो गई। नेहरू नगर में रहने वाले लादू सिंह भाटी भी हुकमचंद मिल के श्रमिक थे।

24 जनवरी को उनकी भी मौत हो गई। उनके खाते में भी पैसा नहीं आया। श्रमिक चंद्रकांत गिरी मिल बंद होने के बाद अपने परिवार के साथ औरंगाबाद में रहने लगे थे। 9 जनवरी को फार्म भरने इंदौर आए थे। समिति के पदाधिकारियों से मिले।पुराने दिन याद किए। 1 फरवरी को चंद्रकांत के परिजनों का फोन पदाधिकारियों के पास आया चंद्रकांत के निधन की जानकारी दी।

# रूट्स की बुक में छाए उमरिया के चित्रकारों के बनाए चित्र

उमरिया। उमरिया जिले के आदिवासी चित्रकारों की कलाकृतियों रूट्स की बुक में छा गए हैं। रूट्स बुक शुक्रवार को दिल्ली में लांच की गई। इस बुक में देश के कुल 24 आदिवासी चित्रकारों के बनाए गए चित्रों का प्रकाशन किया गया है जिसमें से सात कलाकार अकेले उमरिया जिले के हैं।



खास बात यह है कि इस बुक में गोंड़ चित्रकार स्वर्गीय जनगण सिंह श्याम के चित्र भी शामिल किए गए हैं। जनगण सिंह श्याम डिडौरी जिले के आदिवासी गोंड़ चित्रकार थे। जिनका विदेश प्रवास के दौरान निधन हो गया था।

**इन चित्रकारों के काम शामिल**

रूटस बुक में कुल 24 कलाकारों का काम शामिल किया गया है, जिसमें सात बैगा कलाकारों का काम है। इस बारे में जानकारी देते हुए जनगण तस्वीर खाना के संचालक निमिष स्वामी ने बताया कि इनमें पदमश्री जोधाइया बाई, झूलन बाई बैगा, रूपा बैगा, सकुन बैगा, फगुनी बैगा, हेमा बैगा, रिंकु बैगा के काम शामिल किए गए हैं। इसके अलावा तीन गोंड कलाकार स्व.जनगण सिंह श्याम, नर्मदा प्रसाद टेकाम, आकाश उईके का भी काम इसमें शामिल है।

**रूटस की बुक में शामिल उमरिया जिले के बैगा कलाकारों के चित्र**

रूटस बुक में चार मंडावी कलाकार पिसादू राम, बेलगुर, जयराम और बलदेव मंडावी और सुंदरी बाई रजवार का काम संकलित किया गया है। इसमें खास बात यह है कि जिन सात बैगा कलाकारों के चित्र इस बुक में शामिल किए गए हैं।

वे सभी उमरिया जिले के के ही हैं। उमरिया जिले के जनगण तस्वीरखाना, आशीष आर्ट गैलरी ग्राम लोढ़ा की कलाकार सकुन बैगा, हेमा बैगा, रूपा बैगा, रामरति बैगा, फगुनी बैगा की 150 से ज्यादा चित्र शामिल किए गए हैं।

**दिल्ली में लगी प्रदर्शनी**

दिल्ली के हैबीटेड सेंटर में आदिवासी चित्रकारों के चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जहां रूटस की इस बुक को शुक्रवार को लांच किया गया।

यह प्रदर्शनी 1 फरवरी को शुरू हुई है और 14 फरवरी तक चलेगी। प्रदर्शनी में बैगा, गोंड, मुरिया आदिवासी चित्र शैली के चित्र शामिल किए गए हैं।

इस प्रदर्शनी में उमरिया से शामिल होने वाले बैगा आदिवासी चित्रकारों में सकुन बैगा, हेमा बैगा, रूपा बैगा, रामरति बैगा, फगुनी बैगा के नाम सामने आए हैं।

यह सभी वे आदिवासी चित्रकार हैं जिन्होंने विलुप्त होती बैगा आदिवासी चित्रकला को एक बार फिर से पहचान दिलाई है। दिल्ली के हैबिटेट सेंटर में लगी इस प्रदर्शनी को भी काफी प्रशंसा मिल रही है।

**पहुंच रहे प्रशंसक**

दिल्ली में लगी प्रदर्शनी में प्रतिदिन 300 से ज्यादा लोग पहुंच रहे हैं और चित्रों का अवलोकन करके उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। दिल्ली में लगी रूटस चित्रकला प्रदर्शनी में अकेले उमरिया जिले के बैगा आदिवासी चित्रकारों के ही 150 से ज्यादा चित्र शामिल किए गए हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए जनगण तस्वीरखाना और आशीष आर्ट गैलरी के संचालक निमिष स्वामी ने बताया कि फाइन आर्ट की दुनिया में बैगा आदिवासी चित्रकला को बहुत पसन्द किया जाता है और इनकी शैली को लोग देखना चाहते हैं।

उन्होंने बताया कि डॉ टर मिशेल क्राइट्स द्वारा लगाई गई रूट्स चित्रकला प्रदर्शनी में उन्हें भी अहम भूमिका निभाने का अवसर मिला है।

# मध्यप्रदेश लीडरशिप समिट से शासन में बढ़ेगी कुशलता और दक्षता -मु यमंत्री

**मंत्रालयों और विभागों के साथ तालमेल और समन्वय को सीखने का अवसर**

**नेतृत्व क्षमता को विकसित करने वाला प्रबोधन कार्यक्रम**

**जन-प्रतिनिधि और नीति आयोग के विशेषज्ञों का हुआ उद्बोधन**

**अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में मंत्रि-परिषद का ओरिएंटेशन प्रोग्राम**



भोपाल । मध्यप्रदेश लीडरशिप समिट से शासन में कुशलता और दक्षता आयेगी। यह मंत्रि-परिषद की नेतृत्व क्षमता को विकसित करने वाला प्रबोधन कार्यक्रम है। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में मध्यप्रदेश लीडरशिप समिट में मंत्रि-परिषद के दो दिवसीय प्रशिक्षण और ओरिएंटेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहें थे। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य की मंत्रि-परिषद के निर्णय से प्रदेश की समूची जनता प्रभावित होती है। इसलिए मंत्रि-परिषद के सदस्यों का समय-समय पर प्रशिक्षण आवश्यक है। प्रशिक्षण से शासन की बारीकियां सीखने का अवसर मिलेगा जिससे प्रशासन में कसावट आयेगी और इसका सीधा लाभ मंत्रि-परिषद के निर्णयों के माध्यम से प्रदेश की जनता को मिलेगा।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रशिक्षण से मंत्रि-परिषद के सदस्यों को भारत सरकार के मंत्रालयों और राज्य सरकार के विभागों के साथ तालमेल और समन्वय को सीखने का अवसर मिलेगा। वरिष्ठ जन-प्रतिनिधि और नीति आयोग के विशेषज्ञों के उद्बोधन से मंत्रि-परिषद का आत्मविश्वास बढ़ेगा। इससे न सिर्फ शासन में बल्कि व्यक्तिगत जीवन को भी अनुशासित और सफल बनाने में मदद मिलेगी।

अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान मध्यप्रदेश द्वारा रामभाऊ हाळगी प्रबोधनी संस्थान के साथ जन-प्रतिनिधियों के लिये दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम ÷लीडरशिप समिट÷ चल रही है। समिट के पहले दिन जन-प्रतिनिधियों के ओरिएंटेशन के लिये मु यमंत्री डॉ. यादव, वरिष्ठ जन-प्रतिनिधि और नीति आयोग के विशेषज्ञों के उद्बोधन के विभिन्न सत्र आयोजित हुए।

मध्यप्रदेश लीडरशिप समिट के पहले दिन रामभाऊ हाळगी प्रबोधनी संस्थान के कार्यकारी संचालक डॉ. जयंत कुलकर्णी ने प्रशिक्षण की रूपरेखा और आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा, श्री शिवप्रकाश और श्री व्ही. सतीश ने शासन में नेतृत्व और कुशलता पर अपने विचार रखें। अंतिम सत्र में ÷आकांक्षाएँ एवं संकल्प भारत सरकार की अहम पहल'' विषय पर आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग भारत सरकार के श्री आनंद शेखर ने बताया कि नीति आयोग मध्य प्रदेश के साथ मिलकर 4 डिस्टिं ट एरिया में कार्य कर रहा है। सतत विकास के लक्ष्य जिसका नीति आयोग कस्टोडियन है, उसमें मध्यप्रदेश के साथ मिल कर दिनों दिन प्रगति की जा रही है। साथ ही ÷तनाव प्रबंधन'' पर डॉ. विक्रांत तोमर का उद्बोधन हुआ।

लीडरशिप समिट के दूसरे दिन 4 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 7-30 बजे तक विभिन्न सत्रों का आयोजन होगा। इनमें ÷विधायी कार्य-प्रणाली'', ÷अवसर एवं चुनौतियाँ'', ÷आकांक्षाएँ एवं संकल्प-भारत सरकार की अहम पहल'' एवं ÷प्रौद्योगिकी एवं सुशासन'' विषय पर सत्रों का आयोजन होगा। इन सत्रों को विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, श्वेता सिंह, डॉ. विनय सहस्रबुद्धे, नगरीय आवास एवं विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय संबोधित करेंगे।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में इंदौर कोर्ट ने सिपाही को सुनाई 10 साल की सजा



इंदौर। जिला कोर्ट ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाकर पुलिस की नौकरी पाने वाले आरोपी सिपाही को 10 वर्ष की सजा सुनाई है। आरोपी का नाम सत्यनारायण पिता राम वैष्णव है। 19 साल की उम्र में ही सत्यनारायण पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हो गया था। भर्ती के करीब 23 साल बाद छोटी ग्वाल टोली थाना प्रभारी को एसपी ऑफिस से सिपाही सत्यनारायण के बारे में फर्जी जाति प्रमाण पत्र देकर पुलिस में नौकरी करने के संबंध में शिकायत मिली। जांच के बाद आरोपी सिपाही के खिलाफ वर्ष 2006 में थाना छोटी ग्वाल टोली में 420, 467, 468 और 471 के तहत केस दर्ज किया है।

आवेदक वर्षा साधु, ऋषि कुमार अग्निहोत्री और ईश्वर वैष्णव ने अपने बयान में बताया कि आरोपी सत्यनारायण वैष्णव ने कोरी समाज का जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नौकरी प्राप्त की है। आरोपी के पिता रामचरण वैष्णव, उसका बड़ा भाई श्यामलाल वैष्णव और छोटा भाई ईश्वर वैष्णव सभी वैष्णव ब्राह्मण हैं। सत्यनारायण ने कोरी जाति का सर्टिफिकेट लगाया और नौकरी हासिल कर ली।

आरोपी सत्यनारायण के द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करने के आधार पर तहसील कार्यालय कले टर और अपर तहसीलदार इंदौर से जारी हुआ तथा उसमें आरोपी की जाति कोरी दर्शायी गई है। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्य, कथनों के आधार पर यह पाया गया कि उक्त जाति प्रमाण पत्र सत्यनारायण द्वारा फर्जी आधार पर नौकरी पाने के उद्देश्य से बनावाया गया था।

जांच के आधार पर आरोपी के विरुद्ध थाना छोटी ग्वालटोली पर धारा 420, 467, 468, 471 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। छानबीन समिति द्वारा भी यह पाया गया कि आरोपी सत्यनारायण का जाति प्रमाण पत्र फर्जी है। संपूर्ण विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिस पर से अभियुक्त को चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश जयदीप सिंह की कोर्ट ने धारा 467 सहपठित धारा 471 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व धारा 420 एवं 468 में 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 4000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

# निजी स्वामित्व के नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण

सिवनी यशोः- नगरपालिका परिषद सिवनी में पिछले 4 वर्षो से निजी स्वामित्व भूमि भवन के लगभग 350 नामांतरण प्रकरण लंबित थे आवेदक नगरपालिका के नामांतरण कराने के लिए चक्कर लगा लगाकर परेशान थे। नामांतरण के स पूर्ण दस्तावेज जमा करने के बाद भी नामांतरण की कार्यवाही नही की गई थी, नगरपालिका में कांग्रेस की परिषद और अध्यक्ष शफीक खान के बनने के बाद 250 से अधिक निजी स्वामित्व के नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण कर आवेदकों को राहत दी है, नगरपालिका चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र में इस बाद का उल्लेख था कि लंबित नामांतरण प्रकरणों का शीघ्र ही निराकरण किया जायेगा।

**कांग्रेस पार्टी ने चुनावी घोषणापत्र पर अमल किया।**

नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान ने बताया कि जो प्रकरण अभी शेष बचे है उनका भी शीघ्र ही निराकरण कर दिया जायेगा जिनके दस्तावेज पूर्ण रूप से संलग्न है, ऐसे प्रकरण ही लंबित है जिसमें पारिवारिक विवाद या दस्तावेजों की कमी है।

# मैत्री टूर्नामेंट में खेले गये चार मैच, हर दिन होगा एक मैच

## खेल प्रेमियों ने लिया आनंद



सिवनी यशोः- टूर्नामेंट के अध्यक्ष टिंकू ठाकरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार पॉलिटेक्निक मैदान में खेले जा रहें मैत्री टूर्नामेंट 2024 के अंतर्गत रविवार को 4 मैच खेले गए जिसमे प्रथम मैच सिंघम और ऐ स आर्मी के बीच खेला गया। जिसमे ऐ स आर्मी ने पहले बेटिंग करते हुए सिंघम को 82 रन का लक्ष्य दिया जिसे सिंघम ने आसनी से प्राप्त कर जीत हासिल की। इस मैच के मैन आफ दी मैच शैलेन्द्र रहें, दूसरा मैच शयनिंग स्टार और MCG गोपालगंज के मध्य खेला गया जिसमे शायनिंग स्टारकी कसी हुई गेन्दबाजी के सामने गोपालगंज मात्र 72 रन बना सकी और शायनिंग स्टार ने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर विजय हासिल की। जिसमे शानू श्रीवास्तव के हर्फ़नमौला प्रदर्शन के कारण उन्हें मैन आफ दी मैच दिया गया तीसरा मैच यलगार और MCG के मध्य खेला गया जिसमे टांस जीत कर यलगार ने पहले बेटिंग करते हुए गोपालगंज को 107 रन का लक्ष्य दिया गोपालगंज ने शुरवात तो अच्छी कि पर अंत में यलगार ने शानदार बॉलिंग करते हुए 13 रन से मैच अपने नाम किया इस मैच के मैन आफ दी मैच मनीष बैन रहें, चौथा और आख़री मैच शहर की जानी मानी टीम हेल्थ 11 और पत्रकार 11 के मध्य खेला गया पत्रकार 11 ने पहले बेटिंग करते हुए 62 रन का लक्ष्य दिया, जिसे हेल्थ 11 ने आठवे ओवर में हासिल कर लिया इस मैच में मैन आफ दी मैच संदीप श्रीवास रहें आज के शानदार चारो मैच के ए पायर की भूमिका में ऋषिकांत त्रिवेदी, संतोष यादव, संदीप दुबे, बंटी यादव, नीरज नाविक, प्रकाश श्रीवास्तव, गोविन्द ठाकुर, ओम सराठे रहें जबकि ऑफ़ लाइन और ऑनलाइन सकोरिंग की जि मेदारी निशांत तिवन, मोहन ठाकुर, विजय चौहान, विवेक भगत ने निभाई और अपनी शानदार कामेंट्री से सुरेश मकवानी, संदेश जैन, भूपेंद्र ठाकुर, विनीत जायसवाल ने सबका मना मोह लिया।

आज के इस आयोजन के मु य अथिति छिंदवाड़ा से पधारे सदभाव के अध्यक्ष अमित यादव, गोलू से सेना, अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा, वाहिद खान, नीरज वर्मा,करम बघेल, अभिराज ठाकुर, अरुण पटेल, प्रीतीश श्रीवास्तव, जय श्रीवास्तव, राजेश यादव, आशीष बघेल,महेश सिसोदिया, स्वदेश वर्मा, रवि श्रीवास्तव, प्रशांत सोनी, हेल्थ विभाग के सभी सदस्य और सदभाव के सभी सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति रहें इस मैच का आनंद सभी खेल प्रेमियों ने लिया जिनके लिए भोजन की व्यवस्था समिति से सदस्य और गणमान्य व्यक्तियों के सौजन्य से की गई थी। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत सोमवार की सुबह 7 बजे 1 मैच खेला जायगा जिसका पूर्णतः उद्देश्य लोगो को स्वास्थ के प्रति जागरूक करना है, इसलिए प्रति दिन सिर्फ 1मैच खेले जाने है।

# प्रदेश में तुअर उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा - मु यमंत्री

भोपाल। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) के प्रतिनिधि मंडल ने मु यमंत्री निवास के समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में तुअर के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत सरकार का प्रोत्साहन मिलने से प्रदेश में दलहन और तिलहन फसलों के उत्पादन में वृद्धि हो सकेगी। प्रतिनिधि मंडल में भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) के अध्यक्ष प्रो. विजय पॉल शर्मा तथा आयोग के सदस्य डॉ. नवीन पी सिंह, अनुपम मित्रा और रतन लाल डागा शामिल थे।

# प्रदेश में 275 सीएम राइज स्कूल संचालित

## आगामी 10 वर्षों में 9,200 सीएम राइज स्कूल शुरू करने का कार्यक्रम

भोपाल। प्रदेश में सरकारी स्कूलों में सर्व-सुविधायुक्त वातावरण के साथ विद्यार्थियों को रोचक एवं आनंददायक शिक्षा देने के लिये सीएम राइज स्कूल की स्थापना की गई है। पहले चरण में 275 सीएम राइज स्कूल प्रारंभ किये जा चुके हैं। आने वाले 10 वर्षों में प्रदेश में 9,200 सीएम राइज स्कूल शुरू करने का कार्यक्रम तय किया गया है।

सीएम राइज स्कूल में के.जी. से कक्षा 12वीं तक के संचालन की व्यवस्था के साथ अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण की व्यवस्था की गई है। राज्य में 269 सीएम राइज स्कूलों के नवीन भवन निर्माण के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने 9 हजार 500 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी भी दी है। इन स्कूलों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये डिजिटल कक्षा, पूर्ण रूप से सुसज्जित प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय, कला, नृत्य, संगीत एवं योग शिक्षण की व्यवस्था भी की गई है।

**स्कूलों में परिवहन की व्यवस्था-** सीएम राइज स्कूलों में दूर से आने वाले विद्यार्थियों को सुविधा देने के मकसद से परिवहन की व्यवस्था भी की जा रही है। इससे स्कूल के आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। सीएम राइज स्कूल में बेहतर नेतृत्व प्रदान करने की दृष्टि से इन स्कूलों के प्राचार्यों को भारतीय प्रबंधन संस्थान इंदौर में प्रशिक्षण दिलाया गया है। इसके साथ ही प्राचार्यों को राष्ट्रीय स्तर के यातिप्राप्त विद्यालयों में ऐ सपोजर विजिट कराया गया है।

**योजना का द्वितीय चरण-** सीएम राइज योजना के दूसरे चरण में 5,986 स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें से 258 स्कूलों को दूसरे चरण में संचालित करने की स्कूल शिक्षा विभाग ने स्वीकृति जारी की है।

**प्राचार्य हेण्ड-बुक-** प्रदेश में सीएम राइज स्कूलों में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को विश्व-मानकों के अनुरूप पूरा करने की दृष्टि से प्राचार्य और शिक्षकों के लिये अलग-अलग हेण्ड-बुक तैयार की गई हैं। विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति के लिये सीएम राइज स्कूलों के लिये छात्र डायरी तैयार की गई है। छात्रों के चिंतन एवं प्रभावी शिक्षण के लिये आवश्यक टूल्स को डायरी के पृष्ठों में शामिल किया गया है। इसके जरिये छात्रों की रचनात्मक गतिविधियों एवं शैक्षणिक प्रगति से पालकों को निरंतर अवगत कराया जाता रहेगा।

# जिला पंचायत सीईओ ने जनपद स्तर पर विभिन्न निर्माण कार्यो की ली समीक्षा बैठक



सिवनी यशोः- सिवनी 02 फरवरी को मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री पवार नवजीवन विजय द्वारा जनपद पंचायत लखनादौन के सभाकक्ष में जनपद पंचायत लखनादौन एवं छपारा तथा जनपद पंचायत घंसौर में घंसौर की एवं जनपद पंचायत धनौरा के सभाकक्ष में धनौरा की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनपद स्तर पर समीक्षा बैठक ली गई। समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, खण्ड पंचायत अधिकारी, पंचायत समन्वयक अधिकारी, एपीओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास एवं एसबीएम के ब्लाक समन्वयक तथा सचिव एवं रोजगार सहायक के साथ जिला पंचायत के विभिन्न योजनाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम मनरेगा योजना की समीक्षा की गई मनरेगा योजना अंतर्गत लेबर बजट की विस्तृत समीक्षा की गई जिन पंचायतों में लेबर बजट की प्रगति कम पाई गई उन पंचायतों के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन आहरण पर रोक लगाई गई जाकर कार्यवाही हेतु कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये साथ लक्ष्य अनुसार 85 प्रतिशत लक्ष्य 15 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। आधार आधारित भुगतान का शतप्रतिशत लक्ष्य 10 दिवस के भीतर पूर्ण करने, 3 वर्षो से जिन कार्यों में शून्य व्यय है उनको बाइन्डअप करने के निर्देश दिये जाकर सभी खेत तालाब के प्रकरण स्वीकृत होकर मस्टर रोल जारी करने एवं अप्रेल तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत दिये गये लक्ष्य को पूर्ण करने की समीक्षा की गई जिन कार्यो में द्वितीय किस्त जारी हो चुकी है उनके जियो टेग करने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य में कम प्रगति वाले पंचायत समन्वय अधिकारी, सचिव, रोजगार सहायक के विरूध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। एसबीएम योजना अंतर्गत किये जा रहे कार्यो की विस्तृत समीक्षा की जाकर प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान यह भी संज्ञान में लाया गया कि व्यक्तिगत शौचालय के आवेदन नहीं लिये जा रहे है इस संबंध में आवेदन लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों की समीक्षा की गई प्रकरण के निराकरण में प्रगति नहीं आने पर समस्त बीपीओ, पीसीओ, बीसी एवं उपयंत्रियों के वेतन आहरण पर आगामी आदेश तक रोक लगाने के निर्देश दिये गये।

इसी प्रकार की समीक्षा बैठक दिनांक 3.02.2024 को जनपद पंचायत केवलारी के सभाकक्ष में जनपद पंचायत केवलारी एवं बरघाट तथा जनपद पंचायत सिवनी के सभाकक्ष में जनपद पंचायत सिवनी एवं कुरई की समीक्षा बैठक ली जावेगी जिसमें विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जावेगी।

# मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुशासन प्रशिक्षण वर्ग में हुए शामिल

**सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में जारी हैं लीडरशिप समिट के अंतर्गत सुशासन प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन के सत्र**



भोपाल। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री परिषद के सदस्यों के लिए सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में सुशासन प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत जारी लीडरशिप समिट दूसरे दिन के प्रथम सत्र में शामिल हुए। मु यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर का स्वागत औषधि पौधा भेंट कर किया। समिट के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने प्रशासनिक समन्वय और विधानसभा कार्य प्रणाली पर अपने विचार रखें। प्रथम सत्र में बजट, मंत्रालयीन कार्यप्रणाली, कार्य आवंटन नियम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना पर चर्चा होगी। इसके साथ ही प्रशासनिक संरचना, मीडिया प्रबंधन और समन्वय व सुशासन में प्रौद्योगिकी के महत्व पर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। दोपहर के सत्र में अन्य राज्य सरकारों की सफल योजनाएं तथा इंदौर के स्वच्छ एवं विकसित शहर के रूप में उभरने की यात्रा पर चर्चा होगी। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव लीडरशिप समिट के समापन सत्र को संबोधित करेंगे।

सत्र में उपमु यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा तथा श्री राजेंद्र शु ला, संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल सहित अन्य मंत्री उपस्थित हैं।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने व्यासपीठ पर विराजमान संत से लिया आशीर्वाद

## -जन आभार यात्रा के अंतर्गत अनेक ग्रामों का किया दौरा




सिवनी यशोः- दिन शुक्रवार दिनांक 02 फरवरी को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने व्यासपीठ पर विराजमान संत से आशीर्वाद लिया। तथा अनेक ग्रामों का दौरा कर ग्रामीण बंधुओं से मुलाकात किया। विधायक दिनेश राय मुनमुन जी आज ग्राम भंडारपुर पहुंचे। जहां पर प्रवाहित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मे स मलित हुए। तथा व्यासपीठ मे विराजमान संत श्री ऋतुराज महाराज जी से चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। एवं महाराज श्री के मुखारविंद धारा प्रवाह भागवत कथा का श्रवण किया। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जन आभार यात्रा के तहत आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गुंडरई, परासिया, मोहगांव, लामाज्योति, गोबर बैली, थरेली, खमरिया, भंडारपुर, आमाकोला एवं नंदौरा आदि ग्रामों का दौरा कर जनसंपर्क किया। तथा ग्रामीण बंधुओं से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर ग्रामीणों बंधुओं विधायक दिनेश राय मुनमुन के ग्राम पहुंचने पर तिलक कर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया। यात्रा के दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ग्राम मोहगांव निवासी बुजुर्ग बुआ जी के निवास पर उनके द्वारा बनाये गये स्वल्पाहार को गृहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सांसद ढाल सिंह बिसेन के गृह ग्राम गंगेरुआ से ब्रासंस अध्यक्ष अनूप सिंह बैस ने दी चुनौती

**जो आदमी अपने गांव का भला नहीं कर सकता वो किस मुंह से बड़े बड़े दावे कर सकता है?**




बरघाट /गंगेरुआ यशोः - विगत दिनों बालाघाट सिवनी सांसद ढाल सिंह बिसेन ने रजेगांव आमसभा में कहा था कि ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति अध्यक्ष अनूप सिंह बैस के कहने से रेलवे में कुछ नहीं होता है जो कुछ भी होता है वह सांसद ढाल सिंह बिसेन के कहने से होता है। इस बात पर सांसद ढाल सिंह बिसेन के ही ग्रह ग्राम गंगेरुआ में ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति ने एक रैली निकाल कर जबरदस्त प्रदर्शन किया और उन्हें चुनौती देते हुए ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैस ने कहा कि यह सांसद का ग्रह ग्राम है तथा तीन साल पहले यहां से होकर गुजरने वाली रेल लाइन कटंगी बरघाट सिवनी के लिए सर्वे हुआ था जिसकी स्वीकृति सांसद ढाल सिंह बिसेन आज दिनांक तक नहीं दिलवा सके ,जो व्यक्ति अपने गांव के लिए भला नहीं कर सकता वह कह रहा है कि आंदोलन और संघर्ष करने से कुछ नहीं होता है इस तरह वह जनमानस का अपमान कर रहा है। पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया ने कहा कि वह एक ओर तो अनूप सिंह बैस और उनके आंदोलन पर उंगली उठाते हैं और स्वयं कुछ नहीं करते हैं यदि उन्होंने कटंगी बरघाट सिवनी नई रेल लाइन को स्वीकृति दिला दी तो वे उनके पैर धोएंगे और नहीं दिलाई तो जनता उन्हें वही पैर पकड़ कर उल्टा लटका देगी। ब्राडगेज रेल संघर्ष राष्ट्रीय महासचिव अनूप मिश्रा ने कहा कि स पूर्ण महाकौशल में यह आंदोलन विगत 26 वर्षो से अनूप सिंह बैस के नेतृत्व में चल रहा है जिसका परिणाम जनता रेल सुविधाओं की सफलताओं के रूप में देख रही है और सांसद हास्यास्पद बातें कर रहे हैं। सभा को महासचिव डॉ बसंत राय, सिवनी जिला अध्यक्ष ठा,जयप्रकाश सिंह परिहार, बरघाट अध्यक्ष ऋषभ जायसवाल, महासचिव सुरेन्द्र जायसवाल, सरपंच दिलीप यादव उपाध्यक्ष टिकेंद्र देशमुख, अध्यक्ष मुन्ना यादव ने भी स बोधित किया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से सेवक राम चंद्रवंशी, टेकचंद बोपचे उपाध्यक्ष, गेंदलाल भलावी उपाध्यक्ष, ध्रुवनारायण चौधरी, विक्रम पांडे, महेंद्र पचौरी, नीलकंठ बाहेश्वर गंगेरूआ अध्यक्ष, सुनील लांजेवार, हर्ष गुप्ता, संतोष कुमार पजरिया राधेलाल पंचेश्वर, योगेंद्र चौहान, मोहन सिंह बेस, दुरूप सिंह पटले, दामोदर दौनरकर, साजिद गोरी, मदनलाल यादव, टीकाराम पटले, योगराज बाहेश्वर, विनय कुमार सोनी, हीरालाल नागेश्वर, राजेंद्र पटले, बीरबल बाहेश्वर, रामसिंह पारधी, डा, कोमेद्र हनुवंत, भवन सिंह बाहेश्वर, अजय उके, एड, नवीन नगभिरे, मायाराम नागेश्वर योगी प्रसाद नागेश्वर, दामोदर राव, रेवती लाल बिसेन मो, अतीक मौलाना, रफीक खान, रूपसिंह पटले, श्रीकांत दुबे, नरेंद्र चौहान, एवं अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एक से तीन किलोवाट तक प्रति किलोवाट मिलेगी 18 हजार की सब्सिडी - ऊर्जा मंत्री तोमर

| क्षमता | लागत(लगभग) | सब्सिडी | बिजली बनेगी | वार्षिक बचत रु. में |
|---|---|---|---|---|
| 2 किलोवाट | 1 लाख 30 हजार | 36 हजार | 240 यूनिट | 19,584 |
| 3 किलोवाट | 1 लाख 85 हजार | 54 हजार | 360 यूनिट | 29,376 |
| 4 किलोवाट | 2 लाख 30 हजार | 63 हजार | 480 यूनिट | 39,168 |
| 5 किलोवाट | 2 लाख 85 हजार | 72 हजार | 600 यूनिट | 48,960 |
| 10 किलोवाट | 4 लाख 80 हजार | 1.17 लाख | 1200 यूनिट | 97,920 |

नोट : 4 से 5 साल में सोलर प्लांट की लागत पूरी हो जाएगी। प्लांट की उम्र 20 से 25 वर्ष होती है।

सिवनी यशोः- वर्तमान परिवेश में राजधानी भोपाल को पूर्णतया सोलर ऊर्जा से रोशन करने के लिए लगभग 846 मेगावॉट सौर जनरेशन की आवश्कता होगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने जानकारी दी कि इसकी लागत, उत्पादन और सब्सिडी को लेकर लोगों के मन में कई सवाल हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर सोलर से संबंधित एफऐ यू (स्वक्त) व अन्य समस्त जानकारी उपलब्ध है। अगर आप दो किलोवाट का सोलर प्लांट लगाते हैं तो हर महीने लगभग 240 यूनिट बिजली का उत्पादन होगा और दो किलोवाट सोलर प्लांट लगाने की लागत लगभग एक लाख 30 हजार रूपये आएगी जिस पर प्रति किलोवाट 18 हजार के हिसाब से कुल 36 हजार रूपये की सब्सिडी आपको अपने बैंक खाते में वापस मिल जाएगी। बिजली कंपनी ने सोलर प्लांट लगवाने के लिए वेंडर्स अधिकृत किये हैं, जिनके माध्यम से सोलर प्लांट लगवाया जा सकता है। उपभोक्ताओं को कंपनी द्वारा अधिकृत वेंडर्स के माध्यम से सोलर प्लांट लगवाने पर ही सब्सिडी का लाभ मिलेगा।

**ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया**

सोलर प्लांट लगवाने के लिए नेशनल पोर्टल solarrooftop.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

रजिस्ट्रेशन के उपरांत वेंडर का चयन कर आवेदन ऑनलाइन जमा करना होगा।

नेशनल पोर्टल पर टीएफआर अप्रूवल के बाद रजिस्टर्ड वेंडर के साथ अनुबंध संपादित होगा। आवेदक को वेंडर्स की सूची यही डिस्प्ले हो जाएगी। प्लांट इंस्टालेशन की प्रक्रिया होगी।

प्लांट इंस्टाल होने के बाद उसकी डिटेल सबमिट होगी। प्लांट के साथ आवेदक को स्वयं का फोटो पोर्टल पर अपलोड होगा।

नेट मीटर लगने के बाद डिस्कॉम के अधिकारी इंस्टालेशन डिटेल्स को अप्रूव करेंगे।

अगले चरण में हितग्राही सब्सिडी ` लेम कर सकेगा। इसके लिए बैंक डिटेल्स सहित अन्य खानापूर्ति करना होगी।

डिटेल्स सही पाई जाने पर सरकार द्वारा सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में सब्सिडी जमा कराई जाएगी।

गौरतलब है कि दो किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाने के लिए 100 वर्गफीट छत की जरूरत होती है जिसमें सोलर पैनल, इनवर्टर, एसडीसी बॉ स, केबल व मीटर लगता है। सोलर रूफटॉप प्लांट, वेण्डर द्वारा अधिकतम 3 दिन के भीतर लगा दिया जाएगा। जहाँ तक सब्सिडी का सवाल है तो 30 दिन के भीतर सरकार द्वारा सब्सिडी की राशि सीधे आपके बैंक खाते में स्थानान्तरित कर दी जाएगी।

# आसामाजिक तत्वों की गतिविधि से ग्रामीण भयभीत

सिवनी यशोः- आजकल छोटे-छोटे स्थान पर असामाजिक तत्व ग्राम वासी राहगीरों को परेशान करने लगे हैं उनको रास्ते में अकारण रोकते हैं मोटरसाइकिल के ऊपर डंडे से प्रहार करते हैं। लूटने के लिए उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं ऐसे में मोहगांव सड़क करहैया आगरी आलेसुर ऐरमा चिखला निवारी के लोग उस जंगल के रास्ते से आने जाने के लिए भयभीत होते रहते हैं। अभी-अभी 2 फरवरी को ग्राम निवारी से सड़क मोहगांव आ रहे संदीप मरावी नामक नौजवान को जो मोहगांव में बिजली विभाग में कार्य करता है उसे उस जंगल में रोका गया और जब वह व्यक्ति रास्ते के बगल से कट कर आगे बढ़ा तो उसकी मोटरसाइकिल पर डंडे से वार किया गया। जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई तथा संदीप गिरते गिरते बचा। उक्ताशय की पुलिस रिपोर्ट बादलपार चौकी में दिनांक 3 फरवरी को की गई है, और शरारती तत्वों पर रोक लगाने की अपेक्षा व्यक्त की गयी है और ग्रामीण जन भय मुक्त होकर आवागमन कर सके इस क्षेत्र के लोग बादलपार बाजार और मोहगांव सड़क बाजार करने के लिए सामान खरीदने के लिए बस से नागपुर जाने के लिए आते जाते रहते हैं अर्थात इस स्थान से दिन-रात आवागमन होते रहता है परंतु यदि इस तरह की लूटपाट होती है तो ग्रामीण जनों को अत्यधिक परेशानी होगी।

भारतीय क युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड डीडी वासनिक सहित राजेंद्र कुमार जायसवाल ओमप्रकाश बोर्डे डॉ बी सी ओके तीरथ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश अंगद सिंह बघेल राहुल कुमार यीशु प्रकाश संजू डेहरिया अशोक साहू धनीराम बंडेवार प र इनवाती आदि ने पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी कुरई से मांग की है कि वह सड़क मोहगांव से चिखला तक शाम के बाद पेट्रोलिंग बढ़ा दें ताकि शरारती तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके और ग्रामवासी भय मुक्त होकर अपने सभी कार्यों को रात दिन भली तरह से संपादित कर सके।

